प्रादेशिक समाचार
दिनांक–07.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. नरेन्द्र मोदी रविवार नौ जून को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की लेंगे शपथ।

2. श्री मोदी ने एनडीए को बताया भारत के इतिहास में सबसे सफल गठबंधन।

3. मुख्यमंत्री ने झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के भवन निर्माण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की, गोड्डा, जामताड़ा और पाकुड़ में नई पुलिस लाइन का शीघ्र होगा उद्घाटन।

4. नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को सफलता, खूंटी में तीन उग्रवादी गिरफ्तार।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी नौ जून को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में शाम छह बजे आयोजित किया जाएगा। आज एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान भाजपा नेता प्रहलाद जोशी ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, नरेन्द्र मोदी और नये मंत्रिमण्डल को शपथ दिलायेंगी। श्री मोदी ने आज राष्ट्रपति से मिलकर नई सरकार बनाने का दावा किया, जिसके बाद राष्ट्रपति ने उन्हें नयी सरकार बनाने का आमंत्रण दिया। इससे पहले आज एनडीए संसदीय दल ने सर्वसम्मति से श्री मोदी को पार्टी का नेता चुना। नई दिल्ली में पुराने संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने श्री मोदी के नाम का प्रस्ताााव दिया जिसका गठबंधन के सभी नेताओं ने समर्थन किया। श्री मोदी को लोकसभा में भाजपा और संसदीय दल के नेता के रूप में भी चुना गया है। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि एनडीए उन दलों का समूह नहीं है जो सत्ता के लिए एक साथ आए हैं, बल्कि यह राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध गठबंधन है। उन्होंने कहा कि एनडीए भारत के इतिहास में सबसे सफल गठबंधन है और हमारा लक्ष्य सभी निर्णयों में सर्वसम्मति बनाना होगा।

*******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज लोकसभा चुनाव की समीक्षा की। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के अलावा निर्वाचन कार्य से जुड़े जिला स्तर के पदाधिकारी भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये शामिल हुए। इस दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सफलता पूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को बधाई दी। श्री कुमार ने कहा कि जिन जगहों पर लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान कम हुए हैं, उन क्षेत्रों का आयोग की टीम दौरा करेगी और कम मतदान के कारणों को जानने का प्रयास करेगी।

*******************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन कोरपोरेशन के भवन निर्माण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर लिमिटेड के अध्यक्ष –सह– प्रबंध निदेशक प्रशांत सिंह ने बताया कि गोड्डा, जामताड़ा और पाकुड़ में नयी पुलिस लाइन का निर्माण हो चुका है, जिसका शीघ्र उद्घाटन किया जाना है । वहीं पुलिस भवन, पुलिस लाइन और थानों से संबंधित 290 भवनों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने प्रस्तावित नए पुलिस मुख्यालय से जुड़ी जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा जिन भवन निर्माण योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना है, उसमें पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वीकृत सभी थाना भवनों का निर्माण शीघ्र शुरू करने और लंबित भवनों का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया । मुख्यमंत्री ने सभी थानों के परिसर में वन विभाग के सहयोग से वृक्षारोपण करने को भी कहा। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार और मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल मौजूद थे।

*******************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने वाणिज्य कर विभाग को चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित छह हज़ार करोड़ रुपए के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी समुचित कदम उठाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री आज वाणिज्य कर विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण की समीक्षा कर रहे थे।

*******************

राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने आज लोहरदगा जिले में कुडू प्रखंड के कई गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों के साथ संवाद किया। मौके पर पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू भी मौजूद थे। मंत्री जनसमस्याओं से रुबरु हुए और ग्रामीणों को उनके निदान की पहल का भरोसा दिलाया।

*******************

गिरिडीह जिले की उसरी नदी पर साढ़े छह करोड़ रुपए की लागत से बने पुल का आज विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने उदघाटन किया। गिरिडीह– देवघर पथ पर बने इस पुल से लाखों लोगो को फायदा होगा। उदघाटन के बाद विधायक ने कहा कि विकास कार्य को लेकर उनकी सरकार सदैव तत्पर रहती है।

*******************

पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने आज देवघर में बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा–अर्चना की और देश की उन्नति की कामना की। इससे पहले देवघर एयरपोर्ट पर उपायुक्त विशाल सागर और पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने उनका स्वागत किया।

*******************

टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत देश को 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसे लेकर रामगढ़ जिले में भी व्यापक स्तर पर अभियान चलाए जा रहे हैं।

*******************

उग्रवादियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने खूंटी जिले के जरियागढ़ थाना क्षेत्र से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उग्रवादियों के पास से कई आपत्तिजनक चीजें भी बरामद की गयी हैं। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गयी कार्रवाई में पुलिस को यह सफलता मिली है।

*******************

पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो अलग अलग मामले में कार्रवाई कर कोयला लदे एक ट्रक और केंदू पत्ता लदे एक ऑटो को जब्त किया है। दोनों वाहनों में सवार पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

*******************

झारखण्ड लोक सेवा आयोग बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों की नियुक्ति के लिए 9 जून को प्रारंभिक परीक्षा आयोजित करेगा। इसे लेकर लोहरदगा जिले में 13 परीक्षा केन्द्र बनाए गये हैं। जिले में कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी।

*******************

पाकुड़ जिले के अमरापाड़ा थाना क्षेत्र में दो युवतियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद सभी आरोपी फरार बताये जा रहे हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के भी प्रयास तेज कर दिये गये हैं।

*******************

नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने के एक मामले में चाईबासा की अदालत ने आरोपी को दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। मामला पश्चिमी सिंहभूम जिले के आनन्दपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेड़ाईचिड़ा गांव का है। इस संबंध में 14 अप्रैल 2020 को पोक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त एतवा लुगुन के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया था।

*********समाप्त*********